# चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
# Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक :– सम्बद्धता/1783
दिनांक 26/07/2025

सेवा में,

समस्त सम्बद्ध संस्थान/महाविद्यालय
सम्बद्ध चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

**विषयः–** **उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रमों को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय–सारिणी।**

**महोदय,**

कृपया उपरोक्त विषयक विशेष सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2 के पत्र संख्या–1/1038204/2025/70–2099/28/2024 दिनांक 25.07.2025 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करे, जिसके द्वारा उच्च शिक्षा के क्षेत्र मे शैक्षिक सत्र 2025–26 के लिये नये महाविद्यालयों/संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों/संस्थानों में अतिरिक्त विषयों/पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के आनलाईन निस्तारण हेतु निम्नवत् संशोधित समय–समय सारणी निर्धारित की गई हैः–

| क्र.सं0 | कार्यवाही | समय–सीमा |
|---|---|---|
| 01. | विश्वविद्यालय में नये पाठ्यक्रमों हेतु अनापत्ति प्रस्ताव ऑनलाईन जमा करने की अन्तिम तिथि। | ———————— |
| 02. | विश्वविद्यालय में आनलाईन जमा किये गये प्रस्तावों के भूमि सम्बन्धी अभिलेखों का राजस्व विभाग से सत्यापन कराया जाना। | ———————— |
| 03. | अनापत्ति आदेश आनलाईन निर्गत किया जाना। | ———————— |
| 04. | ऑनलाईन अनापत्ति के सम्बन्ध में विश्वविद्यालय द्वारा लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | ———————— |
| 05. | शासन में अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | ———————— |
| 06. | शासन द्वारा निस्तारित की गयी अनापत्ति अपीलों के क्रम में विश्वविद्यालय द्वारा अनापत्ति निर्गत किये जाने की अन्तिम तिथि। | 29 जुलाई, 2025 |
| 07. | निरीक्षण मण्डल का गठन। | दिनांक 30 जुलाई, 2025 तक।<br>(1) अनापत्ति आदेश ऑनलाईन निर्गत होने के पश्चात संस्था द्वारा दिनांक 27 जुलाई तक निरीक्षण मण्डल का गठन के संबंध में आवेदन किया जायेगा।<br>(2) तदोपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा 30 जुलाई तक निरीक्षण मण्डल का गठन कर लिया जायेगा। |

| | | |
|---|---|---|
| 08. | निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या का प्रस्तुत किया जाना। | दिनांक 05 अगस्त, 2025 तक। |
| 09. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता ऑनलाईन प्रदान करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 08 अगस्त, 2025 तक। |
| 10. | विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 10 अगस्त, 2025 तक। |
| 11. | शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि। | दिनांक 25 अगस्त, 2025 तक। |

**भवदीय,**

26-7-25

**कुलसचिव**

**प्रतिलिपिः—**

01. व्यैक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
02. व्यैक्तिक सहायक प्रति कुलपति को मा0 प्रति कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
03. सचिव कुलसचिव को कुलसचिव महोदय के सूचनार्थ।
04. क्षेत्रीय, उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
05. प्राचार्य/प्राचार्या, समस्त राजकीय महाविद्यालय, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
06. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
07. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

**सहा0 कुलसचिव (सम्बद्धता)**